# कांग्रेसियों ने भाजपा कार्यालय के सामने घंटा बजाकर किया प्रदर्शन

▸ कैलाश विजयवर्गीय से इस्तीफे की मांग



**बेगमगंज, 4 जनवरी. ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया. कांग्रेसियों ने जुलूस निकालते हुए भाजपा कार्यालय के सामने घंटा बजाकर मध्य प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के कथित असंवेदनशील बयान और इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के विरोध में आक्रोश जताया. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से इस्तीफे, इंदौर महापौर एवं पार्षदों की बर्खास्तगी तथा पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की.**

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि इंदौर में दूषित पानी पीने से कई बच्चों और नागरिकों की मौत हुई, जो प्रशासनिक लापरवाही का गंभीर मामला है. इस संवेदनशील घटना पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा की गई टिप्पणी को कांग्रेस ने असंवेदनशील और गैर-जिम्मेदाराना बताया. कांग्रेस का आरोप है कि मंत्री ने मीडियाकर्मियों के साथ कथित तौर पर अभद्र व्यवहार करते हुए 'घंटा बजाने' से जुड़ी टिप्पणी की, जो लोकतंत्र और मीडिया की गरिमा के खिलाफ है. इसी के विरोध में प्रदेशभर में 'घंटा बजाओ आंदोलन' चलाया जा रहा है.

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसी न्यायालय परिसर के सामने एकत्रित हुए, जहां से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा और ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष जाहर सिंह लोधी के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया. जुलूस नारेबाजी करते हुए भाजपा कार्यालय पहुंचा, जहां सड़क किनारे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घंटा बजाकर विरोध दर्ज कराया और प्रदेश सरकार पर तीखे प्रहार किए. कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई और मंत्री से इस्तीफा नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा.



## भाजपा नेता भूपेन्द्र वर्मा का एम्स में निधन, उज्जैन में सड़क हादसा

**रायसेन.** वरिष्ठ भाजपा नेता और लोधी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महामंत्री भूपेन्द्र वर्मा का भोपाल एम्स में उपचार के दौरान निधन हो गया. वे 29 दिसंबर की रात रायसेन से राजस्थान के सीकर जा रहे थे, जब उज्जैन के बड़नगर के पास अचानक सड़क पर गाय आ गई. इससे उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई. इस हादसे में भूपेन्द्र वर्मा के सिर में गंभीर चोटें आईं. कार में सवार मनीष पाल और करण सिंह मीणा को हाथ-पैरों में चोटें लगीं, जबकि अलीम को फ्रैक्चर हुआ. प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एम्स भोपाल में भर्ती कराया गया था. भूपेन्द्र वर्मा लंबे समय से भाजपा संगठन में सक्रिय थे और कई पदों पर जिम्मेदारियां निभाई थीं. वे रायसेन रामलीला महोत्सव समिति के कार्यकारी अध्यक्ष और लोधी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश पदाधिकारी भी थे. उनके निधन से शहर में शोक की लहर है.




# सिर्फ कागजों में शासन की योजना

## जल जीवन मिशन पर करोड़ों खर्च, फिर भी ग्रामीणों को नहीं मिल रहा शुद्ध जल

**सलामतपुर, 4 जनवरी. इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 16 लोगों की मौत और 150 से अधिक के बीमार होने की घटना के बाद पूरे प्रदेश में जलापूर्ति व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं. शहरी इलाकों के साथ-साथ अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छ पेयजल का सपना मज़ाक बनता नजर आ रहा है.**

ताज़ा मामला सांची विकासखंड के ग्राम अंबाड़ी का है, जहाँ जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पेयजल पाइपलाइन नालियों और गटर के बीच से होकर गुजर रही है. ग्रामीणों का आरोप है कि पाइपलाइन के कई स्थानों पर जोड़ खुले हुए हैं और लीकेज के कारण नालियों का गंदा पानी पाइपों में मिल रहा है, जो सीधे घरों तक सप्लाई किया जा रहा है. मजबूरी में ग्रामीण वही दूषित पानी पीने को विवश हैं.

ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या की जानकारी कई बार पीएचई विभाग के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को दी गई, लेकिन आज तक न तो पाइपलाइन बदली गई और न ही लीकेज सुधारे गए. इससे गांव में बीमारियों के फैलने का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है.

पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 2023 तक हर गांव में नल से जल पहुंचाने का संकल्प लिया था, लेकिन सांची क्षेत्र के कई गांवों में यह योजना सिर्फ कागज़ों तक सीमित नजर आ रही है. ग्रामीणों का आरोप है कि लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए निर्माण कार्य शोपीस बनकर रह गए हैं. स्थानीय निवासी जितेंद्र जैन, केशव प्रजापति और सीताराम प्रजापति ने रायसेन कलेक्टर से मांग की है कि पाइपलाइन को गटर से हटाकर सुरक्षित स्थान पर डलवाया जाए, ताकि किसी बड़े स्वास्थ्य संकट से बचा जा सके.

### एक नजर में



## बस-मैजिक की भिड़ंत में चालक घायल

**सलामतपुर.** रायसेन जिले के सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर स्थित सलामतपुर रेलवे ओवरब्रिज पर शनिवार रात करीब 9 बजे एक यात्री बस और लोडिंग मैजिक ऑटो की आमने-सामने भिड़ंत हो गई. इस हादसे में मैजिक ऑटो चालक अयाज गंभीर रूप से घायल हो गया. दुर्घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची. पुलिस पायलट कुलदीप जाटव, शुभम राजपूत एवं आरक्षक रंजीत धाकड़ ने तत्परता दिखाते हुए घायल चालक को तुरंत सांची सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज किया गया. हादसे के बाद कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा, जिसे पुलिस ने शीघ्र सुचारु कराया. भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर लगातार हो रहे सड़क हादसों से स्थानीय लोग चिंतित हैं. संकरी सड़क और भारी यातायात दबाव के कारण यह मार्ग अब खूनी सड़क के नाम से जाना जाने लगा है. प्रतिदिन इस मार्ग से लगभग 10 हजार छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं, जिनमें सैकड़ों यात्री बसें और भारी वाहन शामिल हैं. स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन से हाईवे को चार लेन करने की मांग की है, ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके. थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है



## पूर्व मंत्री रामपाल का जन्मदिन मनाया

**सिलवानी.** पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत ने प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी पुण्य सलिला मां नर्मदा के तट स्थित बोरास घाट पर अपने जन्मदिन का आयोजन बड़े श्रद्धा एवं धूमधाम से किया. इस अवसर पर धार्मिक वातावरण में विशेष पूजन-अर्चन, कथा, हवन, कन्या भोज और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया. राजपूत ने सैकड़ों संत-महात्मा, पुरोहित, ब्राह्मण और धर्माचार्यों के साथ मां नर्मदा के पावन जल से शिवाभिषेक किया और गौ माता की विधिवत पूजा-अर्चना भी संपन्न की. छात्र जीवन से ही वह बोरास घाट पर जन्मदिन मनाते आए हैं. पूर्व मंत्री के जन्मदिन पर उन्हें समर्थक, शुभचिंतक और भाजपा कार्यकर्ता सुबह से ही बोरास घाट पर पहुंचकर शुभकामनाएं देने लगे. विधानसभा क्षेत्र और प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में लोग इस अवसर पर उपस्थित रहे. पूरे आयोजन के दौरान नर्मदा तट पर भक्ति, आस्था और उल्लास का माहौल बना रहा. समारोह धार्मिक अनुष्ठानों और सामाजिक सहभागिता के साथ श्रद्धा एवं सेवा भाव में संपन्न हुआ.

# महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

पुलिस जांच में जुटी




**बेगमगंज, 4 जनवरी. रायसेन तहसील अंतर्गत ग्राम सुमेर में एक 20 वर्षीय विवाहिता द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना से गांव में सनसनी फैल गई. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फांसी के फंदे से नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुमेर निवासी जीवनलाल अहिरवार की 20 वर्षीय बेटी राधिका अहिरवार घटना के समय घर में अकेली थी. पिता मजदूरी के सिलसिले में बेगमगंज गया हुआ था. राधिका ने घर के अंदर बिस्तरों के ऊपर बड़ी गुंड रखकर उसके सहारे सेल्फ पर चढ़ते हुए साड़ी का फंदा बनाकर छत के कुंदे में बांध लिया और फांसी लगा ली. राधिका की शादी छह माह पूर्व ही हुई थी. उसके दो भाई गुजरात में काम करते हैं. मां का पूर्व में देहांत हो चुका है, जबकि दादी इलाज के लिए बाहर गई हुई थीं. आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है. थाना प्रभारी राजीव उईके ने बताया कि मर्ग कायम कर जांच की जा रही है. पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है.

## सिलारी खुर्द में हिंदू सम्मेलन का समापन

**उदयपुरा.** कुचवाड़ा क्षेत्र के सिलारी खुर्द में रविवार को आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन का समापन हुआ. सम्मेलन में संत समाज से श्री श्री 108 श्री सीताराम जी महाराज (अयोध्या धाम), श्री श्री 108 श्री तीनकानंद जी महाराज (चौकी धाम) एवं आचार्य मुकुल तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे. कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग शारीरिक प्रमुख सुरेश गौर रहे. कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन, गौ पूजन एवं समरसता यज्ञ से हुई. संतों ने हिंदू समाज से संगठित होकर भेदभाव समाप्त करने और देश, धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया. मुख्य वक्ता सुरेश गौर ने संघ के 100 वर्षों की सेवा यात्रा पर प्रकाश डालते हुए हिंदू समाज से पंच परिवर्तन—कुटुंब प्रबोधन, समरसता, स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक शिष्टाचार अपनाने का आग्रह किया. सम्मेलन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु व कार्यकर्ता उपस्थित रहे.



## हिंदू सम्मेलन 7 को देवरी में

**देवरी.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर देवरी में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है. सम्मेलन का उद्देश्य समर्थ राष्ट्रनिर्माण, संस्कृति संवर्धन, सामाजिक समरसता और एकता को बढ़ावा देना है. इसके सफल आयोजन के लिए देवरी और आसपास के क्षेत्र के सकल हिंदू समाज से बड़ी संख्या में सहभागिता की अपील की गई है. यह सम्मेलन 7 जनवरी 2026 को प्रात: 11 बजे शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, देवरी (शहीद प्रकाश स्टेडियम) में आयोजित होगा. कार्यक्रम का आयोजन सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में किया जा रहा है. आयोजकों के अनुसार सम्मेलन के माध्यम से समाज में एकता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने का संदेश दिया जाएगा. नगरवासियों और आसपास के क्षेत्रों के लोगों से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया गया है.

# बाइकों की आमने-सामने टक्कर में 2 घायल, 1 रेफर

**बेगमगंज, 4 जनवरी. क्षेत्र में जारी शीत लहर के बीच शाम करीब 5 बजे दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए. सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल ले गई.**



प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम सकरदा निवासी गब्बर यादव पुत्र प्रकाश यादव नए नगर से थावर में शामिल होकर वापस लौट रहे थे. इसी दौरान नए नगर और बांसादेही के बीच रामकृष्ण पुत्र मनमोहन सिंह की बाइक से टकरा गए, जो खेत से अपने घर भोजपुर जा रहे थे. इस टक्कर में दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हुए, जबकि दोनों बाइकों पर सवार अन्य दो लोगों को चोट नहीं आई.

> घायलों को तत्काल स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां गब्बर यादव को भर्ती किया गया और रामकृष्ण को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया. दुर्घटना के कारणों की जांच अभी जारी है. स्थानीय लोग और पुलिस ने घायलों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने में सहयोग किया. इस हादसे ने क्षेत्र में शीतलहर और सड़कों की सावधानी पर ध्यान देने की जरूरत को रेखांकित किया.



हर रविवार शुरू हुआ जैविक हाट बाजार

# किसानों ने कीटनाशक मुक्त सब्जियों से अच्छे दाम से खुश

**रायसेन, 4 जनवरी. रायसेन में कृषि विभाग ने जैविक हाट बाजार शुरू किया है. इसका उद्देश्य लोगों को कीटनाशक मुक्त और सुरक्षित सब्जियां उपलब्ध कराना है. यह बाजार हर रविवार को सागर रोड पर लगाया जा रहा है, जहां रायसेन और आसपास के किसान सीधे उपभोक्ताओं को अपनी ताजी जैविक सब्जियां बेच रहे हैं.**

रविवार को लगे इस हाट बाजार में लोगों ने जैविक सब्जियों के प्रति खासा उत्साह दिखाया. कुछ ही घंटों में किसानों की अधिकांश सब्जियां बिक गईं, जिससे किसानों में खुशी का माहौल रहा. उपभोक्ताओं ने रासायनिक मुक्त और ताजी सब्जियों को प्राथमिकता दी.

जैविक खेती करने वाले किसान डॉ. योगेश पटेल ने अपने अनुभव साझा किए. उन्होंने बताया कि सामान्य बाजार में उनका बैंगन 5 रुपए प्रति किलोग्राम बिकता है, जबकि जैविक हाट में वही बैंगन 20 रुपए प्रति किलोग्राम के भाव से बिका. इससे उन्हें अपनी मेहनत का उचित दाम मिला.

कृषि उप संचालक केपी भगत ने इस पहल की सराहना की. उन्होंने कहा कि इससे उपभोक्ताओं को स्वास्थ्यवर्धक सब्जियां मिलेंगी और किसान जैविक खेती के लिए प्रेरित होंगे. विभाग का प्रयास है कि आने वाले दिनों में यह हाट बाजार बुधवार को भी लगाया जाए. यह कदम किसानों को अपने उत्पाद बेचने के लिए दूर जाने की आवश्यकता को कम करेगा और उन्हें अधिक लाभ प्राप्त करने में मदद करेगा. साथी लोगों को रासायनिक मुक्त हरी सब्जियां उपलब्ध होगी.

## माता सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई

**सलामतपुर, 4 जनवरी.** राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के तत्वाधान में माता सावित्रीबाई फुले जयंती पखवाड़े के अंतर्गत पंचशील बुद्ध विहार, बेरखेड़ी चौराहा पर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर तथागत गौतम बुद्ध, बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर एवं माता सावित्रीबाई फुले के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता आरबीएम कोषाध्यक्ष वृन्दावन लाल अहिरवार ने की. पूर्व आईटी सेल प्रभारी मुकेश बौद्ध ने सावित्रीबाई फुले के जीवन संघर्ष, शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान और सामाजिक सुधार आंदोलनों पर प्रकाश डाला.

जानकारी ▸ स्वस्थ जीवन शैली विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित, महत्वपूर्ण टिप्स दिए

# स्वस्थ रहने के लिए खान-पान में सुधार जरूरी : सतीश मंत्री

**उदयपुरा, 4 जनवरी. स्वस्थ व्यक्ति-स्वस्थ परिवार-स्वस्थ ग्राम-स्वस्थ राष्ट्र के संकल्प के साथ नगर के उदय श्री पैलेस में व्यापार संगठन द्वारा स्वस्थ जीवन शैली विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में लाइफस्टाइल स्पेशलिस्ट सतीश मंत्री ने उपस्थित लोगों को स्वस्थ रहने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए.**



सतीश मंत्री ने बताया कि वर्तमान समय में गलत खान-पान और तनाव के कारण लोग तेजी से गंभीर बीमारियों जैसे मोटापा, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग और कैंसर की चपेट में आ रहे हैं.

उन्होंने कहा कि अच्छी सेहत के लिए खान-पान में सुधार करना आवश्यक है और प्रतिदिन ऐसे आहार का सेवन करना चाहिए जो शरीर को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करे. इसके अलावा उन्होंने खाने में मेथी, पालक, सरसों और अमरूद के सलाद को शामिल करने की सलाह दी.

सतीश मंत्री ने उपस्थित लोगों से रात्रि में जल्दी विश्राम करने और सुबह समय पर उठने पर भी जोर दिया. उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर पूछे गए प्रश्नों के निराकरण और उपाय भी बताए.

> इस अवसर पर कार्यक्रम में शिवनारायण मालानी, छोटेलाल रघु, संदीप बिश्नोई, गिरधारी जैन, राजेंद्र रघु, ऋषिराज तोमर, बृज गोपाल लोया, दामोदरदास धाकड़, चतुर नारायण रघुवंशी, विवेक लोया, अभिषेक श्रीवास्तव, कपिल जैन, वीरेंद्र चौधरीसहित नगर के अनेक लोग भारी संख्या में उपस्थित थे.

# छात्र-छात्राओं ने किया पचमढ़ी भ्रमण

**उदयपुरा, 4 जनवरी. विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए न्यू सर्वोदय हायर सेकेण्डरी स्कूल द्वारा मध्यप्रदेश की प्रसिद्ध पर्वतीय नगरी पचमढ़ी का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया. यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए धार्मिक, प्राकृतिक और शैक्षणिक दृष्टि से अत्यंत लाभकारी रहा.**



भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने जटाशंकर महादेव, चौरागढ़ मंदिर और गुप्त महादेव जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों का दर्शन किया, जिससे उन्हें भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं की गहरी समझ मिली. साथ ही, भूगोल, इतिहास और पर्यावरण विज्ञान से संबंधित विषयों को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिला. पचमढ़ी की भौगोलिक संरचना विद्यार्थियों के लिए विशेष आकर्षण रही.

> संस्था प्राचार्य रामकुमार रघुवंशी ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में व्यावहारिक ज्ञान, अनुशासन, सामूहिक जीवन, नेतृत्व क्षमता और सांस्कृतिक मूल्यों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सुरक्षा और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा. सभी विद्यार्थियों ने इस यात्रा को आनंददायक और अविस्मरणीय बताया.